nt>

Title: Threat posed due to illegal missiles found of various parts of the country.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : अध्यक्ष महोदय, मैं काफी समय से इस मामले को लगा रहा हूं। मुझे थोड़ा सा बोलना है। देश की आन्तरिक सुरक्षा से जुड़ा हुआ यह सवाल है। इधर दैनिक जागरण, नवभारत टाइम्स, 2004 के पृठ 2 में निकला हुआ था।

13.00 hrs.

मेरठ के पास गंगा में 52 छोटी-बड़ी मिसाइलें मिली हैं। इसी प्रकार गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में भूाण स्टील फैक्टरी में स्क्रैप में मिसाइलों से विस्फोट हुआ, जिसमें दस लोगों की जान गई। यह देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ा हुआ सवाल है। भारतीय सेना के प्रयोग में आने वाली मिसाइलें और ग्रेनैड जो सार्वजनिक स्थलों पर मिल रहे हैं, इससे देश को खतरा पैदा हो गया है। चाहे स्क्रैप हो या कबाड़ हो या गंगा के पास जंगलों में लावारिस हालत में जो ये मिसाइलें मिल रही हैं, यह बहुत बड़ा सवाल है। इसकी जांच होनी चाहिए कि ये जीवित मिसाइलें कहां से आ रही हैं। इस पर सरकार द्वारा रोक लगाई जानी चाहिए। उत्तर प्रदेश में आतंकवाद फैला हुआ है। देश की आंतरिक सुरक्षा खतरे में है। यह बहुत गम्भीर मामला है इसलिए सरकार इसे गम्भीरता से देखे। â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: You have lost your opportunity to take part in the debate.

Now Shri Girdhari Lal to speak. Everybody should take lessons from Shri Bhargava. He sits in his seat, gives notice and gets a chance. I hope everybody follows it.